# Summer Fields School
KAILASH COLONY, NEW DELHI-110048

प्रथम सत्र परीक्षा - 2017-2018

कक्षा - आठवीं

विषय - हिन्दी

समय - 3 घण्टा | सेट 1

सामान्य निर्देश : | पूर्णांक -80

(क) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ। चारों खंड़ों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(ख) यथासंभव प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रमशः लिखिए।
(ग) कृपया जाँच कर लें कि प्रश्न-पत्र में कुल तीन पृष्ठ हैं।
(घ) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 17 प्रश्न हैं।
(च) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

## खण्ड (क)

प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए:- 5

पंडित रामप्रसाद बिस्मिल उन क्रान्तिकारियों में से एक थे, जिन्होंने अपने कार्यों से अंग्रेजी हुकूमत को हिला दिया था। जब राम प्रसाद आर्य समाज के संपर्क में आए, उनके जीवन में क्रान्ति आ गई, इनमें बुराइयों का सामना करने का साहस जाग उठा। उन दिनों स्वतंत्रता आन्दोलन जोर पर था। रामप्रसाद को पता चला कि क्रान्तिकारी युवक देष में सजग हैं, तथा देश की स्वतंत्रता के लिए मर-मिटने को तैयार हैं। बिस्मिल क्रान्तिकारी संगठन के सदस्य बन गए। इन्होंने एक पुस्तक भी लिखी .... 'अनरीका को स्वतंत्रता कैसे मिली?' इनकी 'स्वदेश-रंग' नामक पुस्तक बहुत प्रसिद्ध है। आन्दोलन में धन की कमी एक बहुत बड़ी समस्या थी। धन जुटाने के लिए इन्होंने किसी दीन-हीन को नहीं सताया, बल्कि अंग्रेजों का सरकारी खजाना लूटने की योजना बनाई। इन्होंने 9 अगस्त 1925 को काकोरी स्टेशन पर धन लूट कर स्वाधीनता संग्राम में लगा दिया। इसके लिए इन पर मुकदमा चलाया गया। इन्हें फाँसी की सजा दी गई। पंडित रामप्रसाद बिस्मिल ने 26-27 वर्ष की आयु में वह कार्य कर दिखाया, जो लंबी आयु जीने वाले नहीं कर पाते। ये एक कवि भी थे, इनकी ये पंक्तियाँ हमें समय-समय पर प्रेरणा देती हैं :

"सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है।
देखना है जोर कितना बाजु-ए-कातिल में है।।"

(क) किसके सम्पर्क में आने से रामप्रसाद बिस्मिल के जीवन में क्रांति आ गई? 1
(ख) राम प्रसाद की कितनी पुस्तकों की चर्चा गद्यांश में हुई है? 1
(ग) आन्दोलन की मुख्य समस्या क्या थी? 1
(घ) राम प्रसाद एक क्रान्तिकारी होने के साथ-साथ और क्या थे? 1
(ड.) 9 अगस्त 1925 भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्यों महत्वपूर्ण है? 1

प्र0 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : 5

पेड़ सहकर धूप खुद देते सभी को छाँह अपनी,
मदद करने को बढ़ाते, डालियों-सी बाँह अपनी।
खींचते रहते निरंतर ये हवा गंदी हमारी,
ये हमें मिलती इन्हीं से प्राण-वायु विशुद्ध सारी।
सींचते धरती हमारी बादलों को भी बुलाते,
जल बरसता खेत-उपवन वन सभी हैं लहलहाते।

(क) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1
(ख) पेड़ की बाँहें किसे कहा गया है? 1
(ग) दूषित हवा को खींचकर पेड़ क्या करते हैं? 1
(घ) धरती को सींचने के लिए पेड़ किसका आहवान करते हैं? 1
(ड.) वर्षा होने पर क्या-क्या चीजें लहलहाती नजर आती हैं? 1

खण्ड (ख)

प्र0 3 (क) संधि कीजिए- 1

परम + आत्मा या महा + ऐश्वर्य

(ख) संधि-विच्छेद कीजिए-

प्रत्येक या सुखार्य 1

प्र0 4 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -

(क) दो - दो पर्यायवाची लिखें - 2

समुद्र, पक्षी

(ख) विलोम शब्द लिखिए - 1

विरोध , पाप

(ग) अनेक के लिए एक शब्द लिखिए- 2

1 जो इतिहास से सम्बन्धित हो।

2 वर्ष में एक बार होने वाला

प्र0 5 निम्न वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए - 2

आराधना ने कहा मैंने पुस्तकें खरीद ली है

प्र0 6 (क) निम्न शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम बताइए - 2

1. षडानन 2. नीलकमल

(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता, अर्धचंद्राकार, अनुस्वार और अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को पुनः लिखिए - 2

आख, राज, मगल, डाक्टर

प्र0 7 मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए - 4

आगा पीछा करना, पीठ दिखाना,

प्र0 8 (क) निम्नलिखित उपसर्ग से दो-दो शब्द बनाइए:- 2

भर, बद

(ख) निम्नलिखित प्रत्ययों से एक-एक शब्द बनाएः- 1

ला, आवट

खण्ड-ग

प्र0-9 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 5

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी ?
किती बार मोहि दूध पीयत भई, यह अजहूँ है छोटी।
तू जो कहति बल की बेनी, ज्यौं ह्वैहै लांबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिन सी भुइँ लोटी।
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देत न माखन-रोटी।
सूरज चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।

(क) श्रीकृष्ण किस लोभ में दूध पीने को तैयार हो जाते हैं? 1

(ख) दूध की तुलना में श्रीकृष्ण कौन से खाद्य पदार्थ को अधिक पसंद करते हैं? 1

(ग) श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे? 2

(घ) 'भुइँ' शब्द का सही अर्थ लिखिए। 1

प्र0-10 भाव स्पष्ट कीजिए : 2

"मैं ही अपना स्वर - मृदुल कर फेरूँगा निद्रित कलियों पर"

प्र0-11 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3×5=15

(क) बदलू काका के चरित्र की विशेषताएँ बताइए।

(ख) लेखक ने 'बस की यात्रा' पाठ में बस का मानवीकरण किस प्रकार किया है?

(ग) कामचोर कहानी के आधार पर बताइए कि एक भरा पूरा परिवार कैसे सुखद बन सकता है, और कैसे दुखद?

(घ) 'ध्वनि' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ङ) दूध पिलाने के लिए माता यशोदा कृष्ण को क्या प्रलोभन देती हैं और क्यों?

(च) 'मशीनी युग' ने कितने हाथ काट दिए हैं।' इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

प्र0-12 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी लिखिए- 2

हार, जल

प्र0-13 (क) आजादी के बाद मशीनों ने लघु उद्योगों को किस प्रकार प्रभावित किया है, स्पष्ट कीजिए? 3

(ख) 'सूर के पद' में कवि ने कृष्ण की बाललीलाओं का जो वर्णन किया है, क्या वैसा बचपन आप आज के बच्चों में भी देखते हैं ? 3

## खण्ड (घ)

प्र0 14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें- 5

(क) नर हो न निराश करो मन को

संकेत बिंदु- सफलता का आधार -आत्मविश्वास, संघर्ष में विजय, असंभव संभव, लक्ष्य प्राप्ति का एकमात्र आधार।

(ख) आज का युग विज्ञापन का युग

संकेत बिंदु- विज्ञापन एक कला, विज्ञापन का महत्त्व, विज्ञापन का जीवन पर प्रभाव

(ग) छात्रों में बढ़ती अनुशासनहीनता

संकेत बिंदु- अनुशासन का अर्थ और महत्त्व, व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में अनुशासन आवश्यक, छात्र जीवन में अनुशासन, निष्कर्ष।

प्र0 15 गणित की समस्याओं के समाधान हेतु प्रधानाचार्या को अतिरिक्त कक्षाओं के आयोजन हेतु प्रार्थना पत्र लिखें। 5

अथवा

विद्यालय में मेले का आयोजन कराने के लिए प्रधानाचार्या को प्रार्थना-पत्र लिखें।

प्र0-16 आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं, आपके विद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम की सूचना देते हुए कक्षा आठवीं के छात्रों को सूचना लिख कर सूचित करें। 5

प्र017 विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में दो मित्रों के बीच होने वाले संवादों को अपने शब्दों में लिखिए। 5